सुविचार  अगर कुछ चाहिए तो पहले देना सीखो ।

डीजिटल संस्करण  https://sbpatra.in  पर उपलब्ध

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - ३  अंक - ६६  सोमवार – ०२/०२/२०२६  पृष्ठ – ३  प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

वियतनाम से लेकर इराकए अफगानिस्तानए सीरिया और अब वेनेजुएला व यूक्रेन तक इतिहास गवाह है कि वैश्विक तनाव के अधिकांश केंद्रों के पीछे वाशिंगटन की रणनीतियां सक्रिय रही हैं। सवाल यह है कि क्या अमेरिका दुनिया का स्वयंभू पुलिसकर्मी है या वह अपने हितों के लिए अस्थिरता पैदा करने वाला मुख्य कारक है।

अमेरिका की विदेश नीति अक्सर लोकतंत्र की रक्षा और मानवाधिकारो के सुंदर शब्दों में लिपटी होती है। लेकिन इसकी तह में जाने पर आर्थिक और सामरिक स्वार्थ स्पष्ट दिखाई देते हैं। वेनेजुएला का उदाहरण लें तो वहां लोकतंत्र की चिंता से कहीं अधिक दिलचस्पी वहां के विशाल तेल भंडारों और लैटिन अमेरिका में समाजवाद को कुचलने में है। अमेरिका की यह पुरानी कार्यशैली रही है कि जहाँ भी उसकी विचारधारा या व्यापारिक हितों को चुनौती मिलती है वहां वह शासन परिवर्तन का खेल शुरू कर देता है। हथियारों का कारोबार भी इस तनाव का एक बड़ा कारण है। अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा हथियार निर्यातक है। जब तक दुनिया के विभिन्न हिस्सों में युद्ध या तनाव की स्थिति बनी रहेगी तब तक उसके सैन्य.औद्योगिक परिसर का मुनाफा बढ़ता रहेगा। मध्य पूर्व में दशकों से जारी अस्थिरता इसका सबसे बड़ा प्रमाण है जहाँ गुटबाजी को हवा देकर अरबों डॉलर के हथियार बेचे जाते हैं। इसके अलावाए डॉलर की वैश्विक प्रधानता को बनाए रखने की होड़ भी संघर्षों को जन्म देती है। जो भी देश डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देने या अपनी स्वतंत्र आर्थिक राह चुनने की कोशिश करता है चाहे वह लीबिया के गद्दाफी हों या वेनेजुएला के मादुरो उसे अमेरिकी कोपभाजन का शिकार होना पड़ता है। दूसरों के आंतरिक मामलों में दखल देने की यह प्रवृत्ति न केवल संप्रभुता के सिद्धांत का उल्लंघन है। बल्कि यह एक ऐसी अराजकता को जन्म देती है जिसका खामियाजा निर्दोष नागरिकों को भुगतना पड़ता है। अब समय आ गया है कि दुनिया एक बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़े जहाँ किसी एक शक्ति की सनक पूरी दुनिया की किस्मत तय न करे।

## पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदुर के बाद भारत का रक्षा बजट 15 प्रतिशत बढा,तीन आयुर्वेदिक एम्स ,सात हाईस्पीड रेल कॉरिडोर का लक्ष्य !

**85 मीनिट के भाषण मे प्रस्तुतक करा बजट 17 कैंसर मेडिसिन , टेक्स मे कोई बदलाव नही ।**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को बजट पेश कर दिया। वे संसद में 85 मिनट बोलीं, लेकिन आम आदमी के लिए कोई बड़ा ऐलान नहीं किया। हालांकि टैक्स फाइल करने में सहूलियत, रेलवे प्रोजेक्ट और 3 नए आयुर्वेदिक एम्स जैसी नई बातें कही हैं।

बजट भाषण में कोई सीधा चुनावी ऐलान भी नहीं हुआ। सीतारमण लोकसभा में तमिलनाडु की प्रसिद्ध कांजीवरम साड़ी पहनकर पहुंचीं जरूर, लेकिन इसी साल होने वाले पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी चुनाव पर सीधा असर डालने वाली घोषणाएं नहीं कीं।ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहले बजट में वित्त मंत्री ने जियो–पॉलिटिक्स और चुनौतियों की बात कही और देश का रक्षा बजट 6 81 लाख करोड़ से बढ़ाकर. 7.85लाख करोड़ कर दिया। यानी कुल डिफेंस बजट में 15.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। डिफेंस बजट की खास बात यह है कि हथियार खरीदी और सेना के आधुनिकीकरण पर पिछले साल के ध1.80 लाख करोड़ के मुकाबले इस बार ध2.19 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे। यह पूंजीगत खर्च में सीधे 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

सरकारी कर्ज में कमी लाने का लक्ष्य – सरकार ने लक्ष्य रखा है कि 2030–31 तक देश का कुल कर्ज, जीडीपी के 50 प्रतिशत (1) के बराबर लाया जाए। 2025–26 में यह कर्ज 56.1प्रतिशत था, जो अब 2026–27 में घटकर 55.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह कर्ज कम होगा तो सरकार को ब्याज कम देना पड़ेगा, जिससे वो पैसा स्कूल, अस्पताल और सड़कों पर खर्च हो सकेगा।

## पंजाब बाढ में बह कर पाकिस्तान गए भारतीय नागरीको को पाकिस्तान ने अटारी बॉर्डर के माध्यम से लौटाया

*भारत ने पहले ४८ मछ्वारे ओर ९ कैदियो को रिहा किया था*



पाकिस्तान ने 7 भारतीय नागरिकों को अटारी–वाघा बॉर्डर के जरिए भारत को सौंपा है। सभी 2023 की पंजाब बाढ़ के दौरान अपने जानवरों को बचाने की कोशिश में बहकर पाकिस्तान चले गए थे।

बीएसएफ ने उन्हें बॉर्डर से रिसीव किया और कस्टम एंड इमिग्रेशन फॉर्मलिटी पूरी कर उनके परिवारों को सौंप दिया। इनमें 4 फतेहपुर, 1 जालंधर, 1 लुधियाना और 1 उत्तर प्रदेश के नागरिक हैं। इससे पहले भारत ने जनवरी में एक पाकिस्तानी नागरिक हाफिज मुहम्मद अब्बू बकर को रिहा कर पाकिस्तान भेजा था। सितंबर 2025 में भी भारत ने 48 पाकिस्तानी मछुआरों और 19 पाकिस्तानी नागरिक कैदियों को सजा पूरी होने के बाद पाकिस्तान लौटाया था। भारत सरकार ने पाकिस्तान से सभी भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों को जल्द रिहा करने के लिए कहा है। दोनों देश हर साल जनवरी और जुलाई में कैदियों और मछुआरों को रिहा करने की लिस्ट एक–दूसरे को शेयर करते हैं।

## पति के निधन के बाद महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बनी अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा



अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बनी राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने लोकभवन में सुनेत्रा को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह करीब 12 मिनट तक चला। शरद पवार इस समारोह में नहीं पहुंचे। इससे पहले दिन में एनसीपी विधायक दल और विधान परिषद सदस्यों की विधान भवन में बैठक बुलाई गई थी, जिसमें सुनेत्रा को पार्टी नेता चुना गया था। डिप्टी सीएम की शपथ से पहले सुनेत्रा ने राज्यसभा के सांसद पद से इस्तीफा दिया। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने वित्त विभाग अपने ही पास रखा है। अजित पवार की तीन दिन पहले 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत के बाद डिप्टी सीएम पद खाली हो गया था।

## राष्ट्रपति उघान आम लोगो के लिए तीन फरवरी से खुलेंगा ।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान का उद्घाटन किया। अमृत उद्यान आम लोगों के लिए 3 फरवरी से 31 मार्च तक खुला रहेगा। उद्यान सप्ताह में छह दिन तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा, जबकि लास्ट एंट्री शाम 5 बजे तक होगी।

4 मार्च को होली के दिन उद्यान बंद रहेगा। उद्यान में एंट्री पूरी तरह फ्री है। फ्री एंट्री टिकट ऑनलाइन बुकिंग से मिलेगा। एंट्री और एग्जिट गेट नंबर 35 से होगा। वहीं सेंट्रल सचिवालय मेट्रो स्टेशन से हर 30 मिनट में शटल बस सेवा उपलब्ध रहेगी। इस साल उद्यान में ट्यूलिप, गुलाब, बैबलिंग ब्रुक और बरगद गार्डन विशेष आकर्षण होंगे।

## सामन्य वर्ग का युसीजी के नए नियमों के खिलाफ विरोध ।

*सामान्य वर्ग के लोगो ने दिखाई एक जुटता ।*

सामान्य वर्ग के लोगों ने सरकार और यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) के नियम के खिलाफ एक जुटता दिखाई है। शुक्रवार को सामान्य वर्ग जिला इकाई बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। वहा डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर नए कानून को तुरंत वापस लेने की मांग की। आरोप है कि यूजीसी ने 13 जनवरी 2026 को जो नियम जारी किए हैं, वे भेदभाव खत्म करने के नाम पर समाज में जातिवाद का जहर घोलने वाले हैं।

ज्ञापन सौपने वाले सदस्यों ने इसे काला कानून करार दिया और कहा कि इससे भाईचारा और सामाजिक एकता बिगड़ेगी। उनका मानना है कि यह नियम उच्च शिक्षा के संस्थानों में माहौल खराब करेंगे।

कानून से शोषण की आशंका – ज्ञापन में कहा गया कि इस नए रेगुलेशन की वजह से सामान्य वर्ग के छात्रों और कर्मचारियों का मानसिक और शारीरिक शोषण होगा है।

तर्क है कि इसमें बिना किसी शुरुआत के सीधे कार्रवाई करने की बात है, इसके विपरीत झूठी शिकायत करने वालों को सजा देने का कोई साफ नियम नहीं है। इससे गलत शिकायतों का डर हमेशा बना रहेगा।

## नीमच में सडक सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत नियमों की अनदेखी पर पुलिस की सख्ती।

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत नीमच पुलिस ने को शहर के प्रमुख मार्गो पर चेकिंग अभियान चलाया। यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले 106 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 40 हजार रुपये का समन शुल्क वसूला एसपी अंकित जायसवाल के निर्देशन में यातायात विभाग की टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों जैसे चोपड़ा चौराहा और मैसी शोरूम के पास सघन चेकिंग की। इस दौरान सबसे ज्यादा सख्ती बुलेट मोटरसाइकिलों पर दिखाई गई, जिनमें मॉडिफाइड साइलेंसर लगे थे। पटाखे जैसी आवाज निकालकर दहशत फैलाने वाली इन बाइकों को पुलिस ने मौके पर ही जब्त कर थाने भिजवाया।

## फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टे के घर पर बन्दुक से हमला।

**इस स्थान पर कई सेलिब्रिटी के घर ।**

महाराष्ट्र के मुंबई में फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर 4 राउंड फायरिंग हुई। घटना की खबर मिलने के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीमें उनके घर पहुंचीं। रोहित शेट्टी मुंबई के जुहू इलाके में रहते हैं। उनके घर के पास बॉलीवुड की कई सेलिब्रिटीज के घर हैं। मुंबई पुलिस ने बताया कि ये घटना शनिवार रात करीब 3 बजे हुई। अज्ञात हमलावरों ने चार राउंड फायरिंग की। इसके बाद जुहू में रोहित शेट्टी के घर के आसपास सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। पुलिस हमलावरों की पहचान करने के लिए हर एंगल से जांच कर रही है। हमले के पीछे का मकसद अभी पता नहीं चला है। मामले में अभी तक किसी ने भी जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस ने रविवार दोपहर बताया कि इस मामले में पुणे के कारवेनगर और धायरी इलाकों से चार लोगों को हिरासत में लिया है। जांच जारी है।

## राजिस्थान युपी में गिरे ओले ,खडी फसलों को नुकसान

मौसम विभाग के मुताबिक फरवरी का महीना सामान्य से ज्यादा गर्म रह सकता है। आईएमडी डायरेक्टर ने बताया कि फरवरी में रातें कम ठंडी और दिन ज्यादा गर्म हो सकते हैं। इसका कारण ला–नीना का कमजोर होना बताया जा रहा है। हालांकि देश के उत्तरी राज्यों में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। इसके असर से अगले 2 दिन उत्तर–पश्चिम भारत और हिमालय क्षेत्र में तेज बारिश और बर्फबारी होगी। रविवार को राजस्थान, मध्य प्रदेश, यूपी, हिमाचल, हरियाणा में बारिश हो रही है। इन राज्यों के कई जिलों में ओले भी गिरे हैं। इन राज्यों में घना कोहरा भी छाया है। सुबह 9 बजे तक वाराणसी, प्रयागराज, कुशीनगर और कानपुर में विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। इस दौरान राजस्थान और यूपी में कई सड़क दुर्घटनाएं भी हुई हैं। वहीं रविवार सुबह देश के 5 राज्यों यूपी, पंजाब, मेघालय, मध्य प्रदेश और हरियाणा के कुल 11 जिलों में तापमान 5 से 8 डिग्री के बीच रहा। इनमें अमृतसर सबसे ठंडा था, यहां पारा 5.9 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।



डिजीटल संस्करण

https://sbpatra.in

पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



https//:sbpatra.in




पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/













**(1)** गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/

**(2)** होम पेज पर केटेगिरी मे जाए

**(3)** ई-पेपर केटेगिरी चुने

**(4)** समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे !

# निःशुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल https://sbpatra.in/ से डाउनलोड कर सकते है।

## स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



https//:sbpatra.in

पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

